03

बिहार सरकार
ग्रामीण कार्य विभाग
सकारण आदेश

संवेदक M/S Brigade Construction (Regd. No-1240101), At-Ramnagar, PO-Polytechnic, PS-Maranga, Dist-Purnea, Pin-854303 द्वारा भवन निर्माण विभाग के अधीन भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर प्रखंड के भतोरिया पंचायत सरकार भवन निर्माण के निविदा में भाग लिया गया।

उक्त निविदा में संवेदक द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर निविदा में भाग लिया गया। निविदा में गलत अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग का पत्रांक 11126(भ) अनु0 दिनांक 12.12.2025 द्वारा संवेदक M/S Brigade Construction (Regd. No-1240101) के विरूद्ध बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई किये जाने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया है।

संवेदक के विरूद्ध कार्रवाई किये जाने हेतु किये गये अनुशंसा के आलोक में विभागीय पत्रांक 12857 दिनांक 22.12.2025 कारणपृच्छा की गई। उक्त कारणपृच्छा के आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक 19.01.2026 को स्पष्टीकरण समर्पित करते हुए उल्लेख किया गया है कि कम्प्यूटर ऑपरेटर के द्वारा गलत अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड कर दिया गया था।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में भवन निर्माण विभाग के अधीन भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर प्रखंड के भतोरिया पंचायत सरकार भवन निर्माण के निविदा में फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित करने के कारण बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) की उपकंडिका (ix) एवं 11(ख)(ii) में निहित प्रावधान के तहत संवेदक M/S Brigade Construction (Regd. No-1240101, PAN-BBNPS3068P), At-Ramnagar, PO-Polytechnic, PS-Maranga, Dist-Purnea, Pin-854303 को 02(दो) वर्षों के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

(हस्ताक्षर) 10.02.2026
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–334/2025 1863 /पटना, दिनांकः– 12-2-26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/योजना एवं विकास विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास एवं आवास विभाग/उर्जा विभाग/कृषि विभाग/पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/जल संसाधन विभाग/लघु जल संसाधन विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 10.02.2026
अभियंता प्रमुख

P.T.O.

निबंधित

ज्ञापांकः–14/अ0प्र0–14–334/2025 1863 /पटना, दिनांकः– 12.2.26

प्रतिलिपिः–M/S Brigade Construction (Regd. No-1240101, PAN-BBNPS3068P), At-Ramnagar, PO-Polytechnic, PS-Maranga, Dist-Purnea, Pin-854303 द्वारा को सूचनार्थ प्रेषित।

10.02.2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–334/2025 1863 /पटना, दिनांकः– 12.2.26

प्रतिलिपिः–अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग/सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.02.2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांकः– 14/अ0प्र0–14–334/2025 1863 /पटना, दिनांकः– 12.2.26

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

10.02.2026

अभियंता प्रमुख